# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), नोएडा

Town Official Language Implementation Committee (Office), Noida

(गृह मंत्रालय, भारत सरकार)

(Ministry of Home Affairs, Govt. of India)

**सचिवालय: भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण**

**Secretariat : Inland Waterways Authority of India**

**ए-13, सैक्टर-1, नोएडा- 201 301, दूरभाष : 0120-2521724, फैक्स : 0120-2543973, ई-मेल : iwainoi@nic.in**


सं. भा.अ.ज.प्रा-29/10/2020-हिंदी    दिनांक: 10.02.2025

सेवा में,

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा**
**के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख - ई मेल द्वारा**

**विषय : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा की 48वी बैठक के कार्यवृत ।**

महोदया/महोदय ,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा की दिनांक 29.01.2025 को आयोजित 48वी बैठक के कार्यवृत आपको अग्रेषित किये जा रहे हैं ।

यह पत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

**भवदीय:**

**संलग्नक: यथोक्त**

प्रज्ञा 10.02.2025

**(प्रज्ञा कांडपाल)**
**सदस्य सचिव**

**प्रतिलिपि: (ई मेल द्वारा)**

1. अध्यक्ष ,भा.अ.ज.प्रा./न.रा.का.स. (कार्यालय) नोएडा के प्रधान सचिव, सूचनार्थ ।
2. सचिव,भा.अ.ज.प्रा. नोएडा के निजी सहायक ।
3. सहायक सचिव (विधि एवं हिंदी), भा.अ.ज.प्रा.,नोएडा ।
4. उप निदेशक (कार्यान्वयन) एवं प्रभारी अधिकारी, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय(उत्तर) 302,सी.जी.ओ. भवन-1 कमला नेहरु नगर,गाजियाबाद -201002
5. उप निदेशक (राजभाषा),पतन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, परिवहन भवन,1,संसद मार्ग,नई दिल्ली -110001
6. मास्टर प्रति

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा की दिनांक 29.01.2025 को आयोजित 48वी बैठक के कार्यवृत**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा की 48वी बैठक दिनांक 29.01.2025 को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, सेक्टर-62, नोएडा के सौजन्य से आयोजित की गई। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण तथा नराकास के अध्यक्ष श्री विजय कुमार अपरिहार्य कारणों से बैठक में भाग नहीं ले सके, जिसके कारण बैठक की अध्यक्षता भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के सदस्य श्री आशुतोष गौतम की ने की । बैठक का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन तथा मंचासीन सभी महानुभावों के परिचय एवं स्वागत के साथ किया गया । बैठक में उपस्थित एवं अनुपस्थित कार्यालयों की सूची अनुलग्नक “क” में दी गई है ।

**मद संख्या :2: पिछली बैठक के कार्यवृत की पुष्टि :**

सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा ने समिति को सूचित किया कि दिनांक 23.08.2024 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत दिनांक 02.09.2024 को परिचालित कर दिए गए थे, जिस पर किसी भी सदस्य कार्यालय से कोई प्रतिकूल टिपण्णी प्राप्त नहीं हुई, अतः कार्यवृत को स्वीकृत माना जा सकता है ।

**मद संख्या:3: पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन रिपोर्ट एवं कार्यकलापों की पुष्टि**

सदस्य सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा ने समिति को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा की दिनांक 23.08.2024 को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई से अवगत कराया ।

**हिंदी प्रतियोगिता /कार्यशाला/संगोष्ठी का आयोजनः**

सदस्य सचिव ने अवगत कराया कि पिछली बैठक में विभिन्न सदस्य कार्यालयों के सौजन्य से नराकास नोएडा के तत्वावधान में आयोजित की जाने वाली हिंदी प्रतियोगिताओं /हिंदी कार्यशालाओं के आयोजन के क्रम में नराकास के सभी सदस्य कार्यालयों के लिए 26 नवंबर 2024 को नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र के सौजन्य से स्वरचित कहानी प्रतियोगिता का तथा 20 दिसंबर 2024 को वी.वी.गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नोएडा के सौजन्य से स्वरचित हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**राजभाषा विभाग से प्राप्त महत्वपूर्ण कागजातों का अग्रेषण :**

सदस्य सचिव ने अवगत कराया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा ने राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा के कार्यान्वयन संबंधी विभिन्न आदेश, प्रशिक्षण संबंधी सूचनाएं तथा राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों आदि की जानकारी सदस्य कार्यालयों को प्रदान की।

**मद संख्या :4: 30.06.2024 को समाप्त छमाही की हिंदी प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा के सदस्य कार्यालयों से प्राप्त राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, गाजियाबाद से आये श्री अजय चौधरी, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) ने छमाही रिपोर्टों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन की प्रगति के आधार पर सभी कार्यालयों को तीन श्रेणियों - क ख और ग श्रेणी में रखा है। उन्होने कहा कि सभी कार्यालय अधिकारियों/कर्मचारियों की हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि 'ख' और 'ग' श्रेणी में आने वाले कार्यालय भी 'क' श्रेणी में आ सकें ।

अपने संबोधन में समस्त सदस्य कार्यालयों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से भरने तथा नराकास की बैठकों में कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि नराकास को राजभाषा विभाग द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कार दिलाने के लिए सभी कार्यालयों को संयुक्त रूप से प्रयास करना होगा ।

उन्होने बताया कि राजभाषा विभाग द्वारा कंठस्थ-2 पर आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी कार्यालय प्रतिभागिता करें तथा कंठस्थ टूल का कार्यालय के काम काज में उपयोग करें।

**मद संख्या :5: हिंदी प्रतिभा पुरस्कार:**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा द्वारा चलाई जा रही हिंदी प्रतिभा पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 में आयोजित 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के हिंदी विषय में उत्कृष्ट अंक (ए-1 ग्रेड) पाने वाले नराकास (कार्यालय) नोएडा के सदस्य कार्यालयों में कार्यरत कार्मिकों के पुत्र/पुत्रियों (11 विद्यार्थियों) प्रत्येक को रु. 2000/- की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए ।

**मद संख्या :6: प्रशस्ति पत्र** : नराकास के तत्वावधान में नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र, नोएडा के सौजन्य से 6 नवबंर, 2024 को आयोजित स्वरचित कहानी प्रतियोगिता तथा 20 दिसंबर 2024 को वी.वी.गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नोएडा के सौजन्य से आयोजित स्वरचित हिंदी काव्य पाठ

प्रतियोगिता के प्रथम,द्वितीय,तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए ।

**मद संख्या :7: ई- पत्रिका "नोएडा स्वर" के दसवें अंक का विमोचन :**

नराकास नोएडा की 48वीं बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय) नोएडा की वार्षिक ई-पत्रिका "नोएडा स्वर" के दसवें अंक का विमोचन किया गया ।

**मद संख्या :8: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय :**

सदस्य सचिव ने समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि नराकास के तत्वाधान में हिंदी कार्यशाला,हिंदी प्रतियोगिता या राजभाषा संगोष्ठी करने के इच्छुक कार्यालय कृपया नराकास सचिवालय में संपर्क करें ।

**मद संख्या :9: अध्यक्षीय संबोधन:**

माननीय सदस्य महोदय ने अपने संबोधन में हिंदी प्रतिभा पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों तथा स्वरचित कहानी प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होनें अपने संबोधन में सभी सदस्य कार्यालयों से अपने कार्यालयों में राजभाषा विभाग द्वारा वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने तथा राजभाषा नीति का विधिवत अनुपालन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। उन्होने कहा कि सदस्य कार्यालय राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं के लिए नराकास सचिवालय में संपर्क कर सकते हैं ।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न घोषित कर दी गई ।